प्रकीर्ण वाद संख्या-११५/२०२० (एम.ए.सी.पी. सं. २८४/२०१४)
श्रीमती ज्योति बादलानी हरीश तलरेजा आदि
**०१.१०.२०२०**

३बी प्रार्थनापत्र प्रार्थीगण/याचीगण श्रीमती ज्योति बादलानी, कु० विनीता बादलानी व अमन बादलानी द्वारा इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि उपरोक्त याचिका में विपक्षी बीमा कम्पनी द्वारा माननीय उच्च न्यायाय, इलाहाबाद में एफ.ए.एफ.ओ. सं. २७९२/२०१६ दाखिल की थी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मुब. २०,०००००/-रु. मय ब्याज के जमा किया गया था जो क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थीगण को प्राप्त हो चुकी है। माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा दिनाँक ०८.०२.२०२० को उक्त अपील खारिज कर दी गयी है। विपक्षी बीमा कम्पनी ने शेष क्षतिपूर्ति की धनराशि मुब. ६,९७,९०३/-रु. न्यायाधिकरण में जमा कर दी है, जिसे प्रार्थीगण पाने के अधिकारी है। अतः प्रार्थीगण ने उक्त धनराशि उन्हें दिलाए जाने हेतु याचना की है। प्रार्थीगण ने उक्त के समर्थन में ४सी२ प्रार्थनापत्र श्रीमती ज्योति बादलानी, माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल एफ.ए.एफ.ओ. सं.२७९२/२०१६ आई.सी.आई.सी.आई लोमबार्ड जनरल इं. कं. लि. बनाम श्रीमती ज्योति बादलानी एवं ४ अन्य में पारित आदेश दिनाँकित ०८.०२.२०२० की प्रमाणित प्रति व एम.ए.सी.पी. सं. २८४/२०१४ श्रीमती ज्योति बादलानी आदि बनाम हरीश तलरेजा में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष सं. ३, झाँसी द्वारा पारित डिक्री की सत्यप्रतिलिपि, अपने-अपने बैंक खाते की पासबुक की छाया प्रतियाँ, श्रीमती ज्योति के भारत निर्वाचन आयोग के पहचान पत्र की छाया प्रति, विनीता बादलानी एवं अमन बादलानी के आधार कार्ड की छाया प्रतियाँ दाखिल की गई हैं।

प्रार्थीगण न्यायाधिकरण के समक्ष मय विद्वान अधिवक्ता वर्चुअल न्यायालय में उपस्थित आये। प्रार्थीगण के विद्वान अधिवक्ता को वर्चुअल न्यायालय में सुना गया तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण की ओर से प्रार्थनापत्र के समर्थन में ४सी२ शपथपत्र प्रार्थिया श्रीमती ज्योति बादलानी दाखिल किया गया है, जिसमें उसने कथन किया कि उपरोक्त प्रकरण में कोई अपील विचाराधीन नहीं है और न ही कोई स्थगन आदेश पारित किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय में दाखिल एफ.ए.एफ.ओ. सं. २७९२/२०१६ आई.सी.आई.सी.आई लोमबार्ड जनरल इं. कं. लि. बनाम श्रीमती ज्योति बादलानी एवं ४ अन्य में पारित आदेश दिनाँकित ०८.०२.२०२० की प्रमाणित प्रति के अवलोकन से स्पष्ट है कि उक्त एफ.ए.एफ.ओ. माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा निरस्त किया जा चुका है। कार्यलय आख्या दिनाँकित ०४.०९.२०२० के अनुसार चेक रजिस्टर के क्रमांक ११९ पर मुब. ६,९७,९०३/- रु. सिंडीकेट बैंक शाखा गोबिन्द चौराहा, झाँसी में जमा होने का इन्द्राज है। प्रार्थीगण ने भी इतनी ही शेष क्षतिपूर्ति धनराशि को प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत किया है। पत्रावली पर दाखिल डिक्री की सत्यप्रतिलिपि के अवलोकन से विदित होता है कि प्रस्तुत याचिका में दिनॉक २८.०५.२०१६ को डिक्री तैयार की गयी है तब से याचीगण/प्रार्थीगण को एवार्ड की सम्पूर्ण धनराशि प्राप्त नहीं हो सकी है। अतः मामले की समस्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये प्रार्थीगण/याचीगण उक्त जमाशुदा क्षतिपूर्ति धनराशि मुब. **६,९७,९०३**/- रु. में से प्रार्थिया श्रीमती ज्योति बादलानी ४० प्रतिशत, कु.विनीता अग्रवाल व अमन अग्रवाल प्रत्येक ३०-३० प्रतिशत भाग, मय अर्जित ब्याज आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नकद प्राप्त करने के अधिकारी हैं ।

**आदेश**

सिन्डीकेट/कैनरा बैंक गोबिन्द चौराहा, झाँसी को आदेशित किया जाता है कि वह एम.ए.सी.पी. सं. २८४/२०१४ (प्रकीर्ण वाद सं.११५/२०२० श्रीमती ज्योति बादलानी आदि बनाम हरीश तलरेजा आदि) के प्रकरण में उक्त जमा क्षतिपूर्ति धनराशि प्रार्थीगण को निम्न सारिणी के अनुसार भुगतान कर दें:-

| Applicant/ petitioner | Amount in ₹ | +(%of) Interest Accrued on Deposited Amount | Mode of Disbursment | Bank Account Number | Bank | IFSC Code |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.Smt. Jyoti Badlani | 279163 | 40 | Elect. Mode RTGS/NEFT | 50319140901 | Allahabad Bank , Branch Sipri Bazar jhansi Sivpuri Road Near Avas Vikas | ALLA0212246 |
| 2.Kum. Vineeta Badlani | 209370 | 30 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 4476001500029031 | PNB Civil Lines Jhansi | PUNB0367200 |

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.10.01 18:16:07 IST
Reason: PO
Location: MACT JHANSI

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Aman Badlani | 209370 | 30 | Elect.Mode RTGS/NEFT | 50373324994 | Allahabad Bank , Branch Sipri Bazar jhansi Sivpuri Road Near Avas Vikas | ALLA0212246 |
| Total | **697903** | 100 | | | | |

तदनुसार अनुपालन आख्या तत्काल जरिये ई-मेल एवं वाट्सएप न्यायाधिकण को प्रेषित की जाय। ३बी प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ., एम.ए.सी.टी., झाँसी।